# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड।

## प्रेसनोट

चमोली में आयी प्राकृतिक आपदा के परिपेक्ष्य में दिनांक 07 फरवरी, 2021 से ही श्री नीलेश आनन्द भरणे, पुलिस उप महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था/प्रवक्ता उत्तराखण्ड पुलिस की देखरेख में उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय में एक कन्ट्रोल रूम गठन किया गया है, जिसका नम्बर 0135-2712685 एवं मोबाइल नम्बर 9411112985 है।

श्री नीलेश आनन्द भरणे, पुलिस उप महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था/प्रवक्ता उत्तराखण्ड पुलिस ने बताया कि प्राकृतिक आपदा में अभी तक 197 लोग लापता हैं। लापता लोगों में से 33 लोगों के शव अलग-अलग स्थानों से बरामद किये जा चुके हैं, जिनमें से 10 लोगों की शिनाख्त हो गई है और 23 लोगों की शिनाख्त नहीं हो पायी है। लापता लोगों की पहचान के लिए मुख्यालय स्तर पर दिनांक 09 फरवरी 2021 को उनके परिजनों हेतु एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें अभी तक 86 परिजनों द्वारा सम्पर्क किया गया है। आपदा में लापता हुए लोगों की सूची एवं बरामद हुए शवों की पहचान हेतु उनका विवरण व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से परिजनों को भेजा जा रहा है, जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अभी तक 02 शवों की पहचान भी हो गयी है। आपदा में लापता एवं बरामद शवों की पहचान के लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा रहा है।

बरामद शवों के डीएनए सैम्पलिंग और संरक्षण के लिए राज्य एफएसएल की भी मदद ली जा रही है और सभी मानदंडों का पालन किया जा रहा है। बरामद शवों को मोरचरी कर्णप्रयाग, जोशीमठ और गोपेश्वर में रखा गया है। आपदा में लापता हुए लोगों की सूची एवं बरामद हुए शवों की पहचान हेतु अन्य राज्यों की पुलिस से भी लगातार पत्राचार किया गया है। शवों से मिले आभूषण, टैटू एवं अन्य पहचान चिन्हों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कर उन्हें सुरक्षित रखा जा रहा है। जनपद चमोली में स्थापित कन्ट्रोल रूम का नम्बर 01372-251487 एवं मोबाइल नम्बर 9084127503 है।

**मीडिया सेल,**

**पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड।**